# टीएसपीसी उग्रवादियों ने कल्याणपुर में बंद कराया पुल का निर्माण कार्य

## पहुंचे हजारीबाग रेंज के डीआइजी सुनील भास्कर, मामले की ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता


घटनास्थल का निरीक्षण करते डीआईजी सुनील भास्कर।

**पिपरवार।** थाना क्षेत्र के कल्याणपुर मस्जिद के समीप बहेरा-कल्याणपुर मुख्य मार्ग पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य को उग्रवादियों ने बंद करा दिया। सूत्रों की मानें तो नक्सली संगठन टीएसपीसी के सदस्यों ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर कार्य को बंद करा दिया। साथ ही पर्चा छोड़कर मौके से चले गये। जानकारी के अनुसार रविवार को दो बाइक पर सवार होकर टीएसपीसी के छह उग्रवादी कार्यस्थल पर पहुंचे और हथियार का भय दिखाकर निर्माण कार्य कंपनी के मुंशी अभय सिंह को कब्जे में लेते हुए निर्माण कार्य में लगे मजदूरों को काम बंद करने को कहा। इसके बाद रिषिकेश जी के नाम से पर्चा देकर चले गये। उधर, घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर सोमवार को हजारीबाग रेंज के डीआईजी सुनील भास्कर भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश भी दिया। उन्होंने उग्रवादियों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान तेज करने का निर्देश दिया। इस मौके पर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, टंडवा इंस्पेक्टर अनिल उरांव, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा आदि मौजूद थे। उधर, घटना के बाद वहां काम कर रहे मजदूरों में दहशत का माहौल है। जबकि पुलिस आसपास के जंगलों में उग्रवादियों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी अभियान चला रही है।

# अधिकारी-कर्मी योजनाओं को समय पर पूरा करायें : रूस्मिता

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिले के कर्रा प्रखंड के बीडीओ स्मिता नागेशिया ने सोमवार को प्रखंड कार्यालय में मनरेगा, अबुआ आवास, 15वां वित्त आयोग, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, श्रम, पेयजल, कल्याण, पशुपालन और वन विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान बीडीओ ने प्रत्येक योजना की प्रगति रिपोर्ट का अवलोकन किया और योजनाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्यान्वयन का निर्देश दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि ग्रामीणों को इनका लाभ शीघ्र मिल सके। समीक्षा के क्रम में उन्होंने वन विभाग के तहत ग्राम वन समिति को सक्रिय होकर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही जंगली हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए ग्रामीणों के आवास को लेकर मुआवजा के लिए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। हाथियों से सुरक्षा के लिए ग्राम वन समिति को दी गई राशि का सदुपयोग करते हुए ग्रामीणों को टॉर्च-लाइट आदि जरूरी सामग्री बांटने का निर्देश दिया। आपूर्ति विभाग के तहत प्रति माह राशन कार्ड धारियों को निर्धारित मात्रा में राशन की आपूर्ति सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। लगे हाथ कर्रा प्रखंड से बाहर कार्य करने के लिए जाने वाले मजदूरों का रजिस्ट्रेशन करने का श्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया। बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बेहतरी को लेकर कार्ययोजना बनाने का निर्देश जेएसएलपीएस पदाधिकारी को दिया गया। जबकि कर्रा एमओआइसीए सीएचसी को शत प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अंडर वेट और कुपोषित बच्चों को एमटीसी केंद्र में दाखिल करने औए शत प्रतिशत एमटीसी केंद्र में बेड ऑक्यूपेंसी सुनिश्चित करने का निर्देश एमओआइसीए महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी को दिया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान बीडीओ ने अगले पांच दिनों के अंदर शत प्रतिशत बच्चों को पोषण के लिए उपलब्ध राशि को डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में भेजना सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में आ रही समस्याओं और चुनौतियों की भी जानकारी दी। बीडीओ ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने की बात कही। बीडीओ ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी निभाएं व जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलायें।

# रक्तदान कर हम जरूरतमंदों की जान बचा सकते हैं: डॉ नागेश्वर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रनिया।** प्रखंड मुख्यालय में रेड क्रॉस सोसाइटी के सौजन्य से सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ प्रशांत डांग सहित 20 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस असर पर सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने कहा कि रक्तदान कर हम जरूररतमंदों की जान बचा सकते है। रक्तदान से किसी तरह की कोई शारीरिक कमजोरी नहीं होती है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। वहीं, शिविर को सफल बनाने में रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर गौंझू, उपाध्यक्ष विनोद जायसवालए, कोषाध्यक्ष राजेश्वर बैठा, मनोज कुमार, बालमुकुंद कश्यप, भाजपा के जिला महामंत्री निखिल कंडुलना, पूर्व प्रखंड सांसद प्रतिनिधि नारायण साहू, भाजपा रनिया मंडल अध्यक्ष सीताराम नाग, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष चंदन चौधरी, आकाश कुमार ने योगदान दिया।

# कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की से मिले कांग्रेसी नेता, खूंटी आने का दिया न्योता



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिदल ने सोमवार को झारखंड की कृषि और पशुपालन विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से उनके कार्यालय में जाकर मुलाकात की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कृषि मंत्री को खूंटी आने का न्योता भी दिया। बाद में कांग्रेस नेताओं ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की से भी मुलाकात की। इस मौके पर आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष फुलचंद टूटी और अनमोल होरो आदि उपस्थित थे।

# पुरनाडीह परियोजना में मना वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह



**खलारी (आजाद सिपाही)।** पुरनाडीह परियोजना में सोमवार को वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर निरीक्षण दल में सिरका से आये परियोजना पदाधिकारी श्रीकांत शर्मा, धनंजय कुमार सिंह, अमित कुमार, रजनीकांत सिंह, रामशंकर प्रसाद, रूपेश महतो, शहबाज आलम एवं महाप्रबंधक सुजीत कुमार, आईएसओ के आरपी शरण, एरिया सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी शकील अख्तर एवं संचालन हर्षित श्रीवास्तव ने किया। सबसे पहले निरीक्षण दल के कन्वेनर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। उसके बाद सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर सुरक्षित कार्य करने वाले आठ कामगारों को पुरस्कृत भी किया गया। निरीक्षण दल के सदस्यों ने खदान का निरीक्षण कर सुरक्षा नियमों का जायजा लिया और दिशा निर्देश दिया। मौके पर लोकनाथ राणा, मैनेजर दीपक कुमावत, सेफ्टी ऑफिसर मेकाला कार्तिक, उमाकांत सिंह, प्रेम कुमार, शैलेश कुमार, सुनील सिंह, धीरज कुमार सिंह, पिंकू सिंह, ध्वजा राम धोबी, राघो चौबे, रामप्रवेश नायक, रविंद्र उरांव उपस्थित थे।

# महिलाओं-बच्चों को दी गयी 'गुड टच-बैड टच' और कानून के इस्तेमाल की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** संत जेवियर उच्च विद्यालय छात्रावास में छात्राओं, महिलाओं व बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराध के रोकथाम को लेकर सोमवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसकी अगुवाई महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा ने की। उन्होंने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों के विरोध होने वाले अपराध, साइबर अपराध, बाल विवाह एवं उनके दुष्परिणाम, मानव तस्करी व सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध संबंधित कानूनी प्रावधान, गुड टच-बेड टच, नशापान की दुष्परिणाम आदि के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई। साथ ही प्रशिक्षणार्थी के बीच डायल 112, डायल 100 एवं साइबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज करने 1930 और बुंडू थाना अंतर्गत एटीएम बैंक, शिक्षण संस्थान एवं अन्य स्थान पर लगे क्यूआर कोड के बारे में बताया गया। उपस्थित प्रशिक्षणार्थी के बीच महिला थाना का नंबर साझा किया।

# डीएवी ढोरी के अस्मित ने नेशनल स्पोर्ट्स में जीता कांस्य पदक

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** मकोली स्थित ढोरी डीएवी पब्लिक स्कूल के कक्षा 12 वीं के अस्मित कुमार ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के लंबी कूद में कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय, माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बतातें चलें कि नई दिल्ली डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी की ओर से प्रतिवर्ष क्लस्टर स्तर, इसके बाद प्रांत और अंततः राष्ट्रीय स्तर पर विनिन्न प्रकार के खेलस्पर्धा का आयोजन किया जाता है।

# बदला मौसम का मिजाज, झमाझम बारिश होने से भींगे किसानों के धान

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ व कुकड्डु प्रखंड में भी सोमवार की सुबह से ही झमाझम बारिश शुरू हो गयी। असमय बारिश से मौसम का मिजाज अचानक बदला और बारिश के साथ चारों ओर घना कोहरा छा गया। दिन को ही रात का नजारा दिखने लगा। बारिश से जहां ठंड बढ़ गयी, वहीं किसानों में मायूसी देखने को मिली। तैयार पके धानों व टमाटर आदि फसलों पर बारिश के असर की आशंका से किसान परेशान हैं। एक सप्ताह के भीतर किसानों के खेतों में पके धान खलीहानों तक पहुंच जाता, पर अचानक बेमौसम बारिश से खड़े व कटे धानों को किसान अपने खलिहानों में नहीं ले जा पा रहे हैं। कटे धान भींग जाने से किसान अपने खेतों में ही छोड़ दिये हैं। अगर मौसम का रूख नहीं बदला तो खेतों में ही पके और कटे धान सड़कर नष्ट होने का भय है। वहीं किसान प्रेम सिंह मुण्डा ने बताया कि बेमौसम बारिश से खेतों में कटे व पके धान बर्बाद हो जाएगा। कहा कि किसानों को मौसम की बेरूखी की मार झेलनी पड़ रही है। तैयार धानों के बारिश के पानी से भींगने से खेत में ही सड़ने का डर है। खेत में लगे टमाटर, आलू आदि फसलों पर भी बारिश का असर होगा। कीड़ा लगने का डर है और पानी से पौधा मरने का डर है। उन्होंने कहा कि अगर दो-चार दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही रहा तो धान सहित अन्य फसल बर्बाद हो जाएगा।

# गणेश स्पोर्टिंग क्लब खिलाड़ियों को देगा तीन वर्ष तक निःशुल्क प्रशिक्षण



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** राय गणेश स्पोर्टिंग क्लब की ओर से खलारी-पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के खिलाड़ियों को तीन वर्षों तक निःशुल्क खेल का प्रशिक्षण देगा। इसके लिए गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के कार्यालय में मंगलवार से 30 दिसंबर तक खिलाड़ियों का निःशुल्क नामांकन किया जायेगा। गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि क्लब की ओर से एथलेटिक्स, फुटबॉल एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए खिलाड़ियों का नामांकन कराने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर है। इस क्लब में वैसे बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षण का लाभ ले सकते हैं, जिनकी उम्र 8 से लेकर 20 वर्ष तक के बीच है। तीन वर्षों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ही आगे प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में बच्चे खेल से दूरी बनाकर मोबाइल के नजदीक पहुंच गये हैं। जिस कारण उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास अच्छी तरह से नहीं हो पा रहा है। खलारी-पिपरवार कोलांचल क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए यह सुनहरा मौका है। नया सत्र का प्रशिक्षण पांच जनवरी 2025 से बचरा चार नंबर खेल मैदान में शुरू होगा। नामांकन के लिए इच्छुक खिलाड़ी एवं बच्चे 7485 857696, 8340792709 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# अब्दुल्ला अंसारी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटा



**खलारी (आजा सिपाही)।** मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के बीच सोमवार को कंबल बांटा। लगातार बढ़ती ठंढ को देखते हुए उन्होंने खलारी प्रखंड के बरटोला, खूंटी टोला, कोकरीय टांड़, काली नगर, राय बस्ती, सुभाष नगर, मोहन नगर, अम्बा टोंगरी, सामू टोंगरी, पियार टांड़, चुरी बस्ती, मानकी बस्ती के दर्जनों जरूरतमंद वृद्ध, महिला व पुरूष को कंबल दिया। अब्दुल्ला ने बताया कि वे क्षेत्र के अन्य जरूरतमंद लोगों के बीच भी कंबल का वितरण करेंगें।

## अशोका परियोजना में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन

# कोयला खनन में मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि : आफताब अहमद

आजाद सिपाही संवाददाता


वार्षिक खान सुरक्षा कार्यक्रम में शामिल गणमान्य लोग।

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत अशोका परियोजना की ओर से सोमवार को बचरा ऑफिसर्स क्लब में 67 वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खान सुरक्षा महानिदेशालय के निदेशक माइंस सेफ्टी (माईनिंग) आफताब अहमद बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा सीसीएल मुख्यालय, आईएसओ व अशोका खदान के निरीक्षण के लिए आयी एनटीपीसी की टीम भी कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह एवं संचालन कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने किया। इस दौरान खान दुर्घटना में मृत कोल कामगारों एवं कर्मियों की आत्मा की शांति के लिए मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद कलाकारों ने गीतों के माध्यम से खान क्षेत्र में सुरक्षा के महत्व को समझाया गया। वहीं, अपने संबोधन में डीएमएस आफताब अहमद ने कहा कि देश में विभिन्न प्रकार की औद्योगिक इकाइयां चलती है, लेकिन खनन एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें हमें प्रकृति की रक्षा के साथ काम करना पड़ता है, जिससे ज्यादा जोखिम की संभावना बनी रहती है। इसलिए इस क्षेत्र के लिए 1967 में खान सुरक्षा महानिदेशालय का गठन किया गया। खान दुर्घटना से बचाव एवं मजदूरों की सुरक्षा को लेकर प्रत्येक वर्ष सीसीएल के सभी क्षेत्रों में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर कोयला मजदूरों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है। कोल इंडिया में पिपरवार एरिया की अलग पहचान है। खान सुरक्षा सप्ताह के आयोजन से कोयला मजदूरों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा होती है। उन्होंने कहा कि शून्य दुर्घटना के साथ बेहतर कोयला उत्पादन कंपनी की प्राथमिकता है। वहीं, जीएम संजीव कुमार ने कहा कि वर्तमान में कोयला मजदूर सुरक्षा के प्रति काफी जागरूक हुए हैं। उन्होंने कामगारों सहित खनन कार्य से जुड़े पदाधिकारियों को भी खान सुरक्षा के नियमों का पालन करते हुए शून्य दुर्घटना की स्थिति में काम करने के लिए प्रेरित किया। इस रैरान सुरक्षा के साथ बेहतर कार्य करने वाले कई अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर आईएसओ मनीष मोहन, टीम कन्वेयर यतीश कुमार, डीजीएम अशोक कुमार, पुष्पेश जैन, राजीव रंजन, बी उदय, प्रवीण कुमार, महेश बाबू, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड कमेटी के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह, अरुण कुमार सिंह, विकास कुमार, शशि भूषण सिंह, एसके चौधरी, निर्गुण महतो, पिपरवार के एसओपी नागेश कुमार गोपाल, एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषाण, एसओसी विपिन बिहारी, पीके सिंह, आरएन गौतम, मोहनलाल सिंह, एसीसी सदस्य डीपी राय, इस्लाम अंसारी, भीम प्रसाद मेहता, खान प्रबधंक एसके सिंह आदि मौजूद थे।

# बारिश से बदला पिपरवार कोयलांचल में मौसम का मिजाज, अचानक बढ़ी ठंड

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र व आसपास के ग्रामीण इलाकों में सोमवार की सुबह से हुई बारिश के कारण मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। जानकारी के अनुसार इस दिन कोयलांचल में सुबह की शुरूआत घने कोहरे के साथ हुई। देखते ही देखते अचानक झमाझम बारिश होने लगी। इस कारण पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया। सुबह बारिश होने के कारण कई बच्चे भींग कर स्कूल जाते दिखे। करीब एक घंटे तक पूरे इलाके में झमाझम बारिश होने के बाद दिनभर पूरा इलाका बादलों और कोहरे की चपेट में रहा। इस कारण ठंढ़ अचानक बढ़ गयी। लोग अलाव जलाकर ठंड से बचते देखे गये। इधर, बारिश के कारण कोयलांचल क्षेत्र के सभी सड़कों की सूरत बिगड़ गयी है। ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगने से आवागमन करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# बेड़ो में अव्यवस्था की भेंट चढ़ी प्री बोर्ड की परीक्षा

## 12वीं के विज्ञान संकाय ने भौतिक, वाणिज्य में एकाउंट एवं कला में भूगोल की परीक्षा तीन घंटा विलंब से शुरू

**ह्वाट्सएप पर कई घंटे पहले ही प्रश्न पत्र मिल जाने के बावजूद देर से आवंटित हुआ प्रश्नपत्र**

आजाद सिपाही संवाददाता


परीक्षा हॉल में उत्तर पुस्तिका का इंतजार करती छात्राएं।


विलंब से प्रश्न पत्र मिलने पर हताश छात्र।

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को प्री बोर्ड परीक्षा का पहला दिन अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। घंटों इंतजार करने के बाद छात्रों को प्रश्न पत्र तो मिला, लेकिन उत्तर लिखने के लिए पेपर नहीं मिला। स्कूल में मौजूद प्रश्न-पत्रों के चलते शिक्षक एवं बच्चों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। जबकि पूर्व घोषित परीक्षा कार्यक्रम के कारण छात्र निर्धारित समय पर तैयारी कर पहुंच गए थे। परीक्षा शुरू होने का समय 9.45 बजे से निर्धारित था। शिक्षकों ने व्यवस्थित ढंग से परीक्षार्थियों को बैठाया। जहां प्लस टू स्कूल में शुरू हुई प्री बोर्ड परीक्षा के प्रथम पाली में 12वीं के विज्ञान संकाय ने भौतिक, वाणिज्य में एकाउंट और कला में भूगोल की परीक्षा तीन घंटा विलंब से शुरू हुई। स्थिति यह रही कि परीक्षा शुरू होने के काफी देर बाद भी स्कूलों पर प्रश्न-पत्र उपलब्ध नहीं हो सका। वहीं छात्रों को उत्तर लिखने के लिए कॉपी नहीं मिलने पर छात्रों को अपनी कॉपी से पेज निकालकर परीक्षा दिया। साथ ही विभाग की ओर से एचएम व्हाट्सएप पर रविवार की शाम करीब छह बजे प्रश्न-पत्र भेजा गया था। इस संबंध में जब स्कूल की प्रधानाध्यापिका हेनरीता मिंज से पूछा गया तो उन्होंने परीक्षा के दौरान अव्यवस्था की बात स्वीकार की। बताया कि विभाग की ओर से उन्हें रविवार की शाम छह बजे व्हाट्सएप के जरिए प्रश्न पत्र मिल गया था। पर सोमवार को बिजली नहीं रहने के कारण प्रश्न पत्र का प्रिंट समय से नहीं हो पाया। जिस कारण परीक्षा विलंब से शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि प्रथम दिन होने के कारण कुछ परेशानी हुई है। कल से व्यवस्था सुव्यवस्थित हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अव्यवस्था की सूचना विभागीय अधिकारियों को दे दी गयी है। वहीं छात्रों का कहना है कि निर्धारित समय में परीक्षा नहीं होने से उन्हें परेशानियों का समाना करना पड़ा है। वहीं, अभिभावकों ने परीक्षा के दौरान भारी अव्यवस्था पर चिंता जाहिर की है। कहा कि उन सब कारणों से ही सरकारी स्कूलों की छवि खराब हो रही है। विभाग व्यवस्था में सुधार को लेकर तत्काल जरूरी कदम उठाए।

### अभिभावक चिंतित

ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं बदहाल हैं। सरकार भले ही विकासशील होने का दावा कर रही पर जमीनी हकीकत यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी आजादी के सात दशक व पंचायती राज के एक दशक बीत जाने के बाद भी शिक्षा की सुविधाओं के नाम पर केवल आश्वसान की घुट्टी पिलाई जा रही है। सरकार की ओर से मध्य विद्यालयों को उच्च विद्यालय व उच्च विद्यालयों को प्लस टू विद्यालय में अपग्रेड कर दिया गया है। लेकिन संसाधन उपलब्ध नहीं कराया गया। प्लस टू के बच्चे स्कूल के बरामदे और जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। वहीं, स्कूलों में छात्रों की संख्या अधिक होने से कार्यरत शिक्षक भी पठन-पाठन में रुचि नहीं ले रहे हैं। उनकी कार्यशैली को देखकर प्रतीत होता है कि विद्यालयों में पठन-पाठन की सिर्फ औपचारिकता पूरी की जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय की बदहाल व्यवस्था से वे परेशान हैं। जिस विभाग के जिम्मे शिक्षा व्यवस्था को देखना है उसके पदाधिकारी अपने दायित्व के प्रति काफी लापरवाह हैं। ऐसे में बच्चे विद्यालय में कैसे शिक्षा ग्रहण करेंगे यह बड़ा सवाल है। विद्यालयों की बदहाल व्यवस्था को देखकर अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य की चिता सताने लगी है। उनका कहना है कि सरकारी विद्यालयों की बदहाली से ही निजी विद्यालय फल फूल रहे हैं।

# 100 मीटर फर्राटा दौड़ में सुदेश व 200 मीटर में अंश ने जीता स्वर्ण



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** फूटबॉल मैदान में चल रहे जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव के 16वें दिन फुटबॉल क्वार्टर फाइनल में जेकेएसएस एफसी और जूनियर स्टार रांची के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें पेनाल्टी शूटआउट में जेकेएसएस एफसी ने रांची जूनियर स्टार को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जेकेएसएस एफसी के गोलकीपर अनमोल तिर्की को मिला। दूसरी ओर, 100 मीटर जूनियर बालक वर्ग में सुदेश महतो को स्वर्ण, श्रवण मुंडा रजत, अंश महतो को कांस्य पदक मिला। जबकि 200 मीटर जूनियर बालक वर्ग में अंश महतो स्वर्ण, संदीप मुंडा रजत, श्रवण मुंडा कांस्य पदक, 200 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में जितेंद्र बेदिया स्वर्ण, रूपेश मुंडा रजत हिमांशु बेदिया कांस्य पदक, 100 मीटर बैक दौड़ जूनियर बालक वर्ग में अंश महतो स्वर्ण, संदीप मुंडा रजत, श्रवण मुंडा कांस्य पदक जीता। सभी विजेता खिलाड़ियों को जसपुरिया बीएड कॉलेज के अध्यक्ष सह भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने पदक, ट्रॉफी सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सिकिदिरी क्षेत्र में खिलाडियों का महाकुंभ लगाने और यहां के बच्चों को खेल के क्षेत्र में मंच देने के लिए ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं। वहीं, कांग्रेस नेता महेश गंझू, विधायक प्रतिनिधि सह कांग्रेस नेता अजगुत करमाली भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार व ब्रज किशोर प्रसाद ने किया। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, महासचिव सत्यपाल राउत, खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, गोविंदा कुमार, कमलेश पाहन, ग्राम प्रधान निर्मल करमाली, सरायकेला जिलाध्यक्ष कमलकांत साव, संदीप कुमार वर्मा, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, निर्णायक मंडली के संजय राणा, विजय रजवार, विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, बबलू मुंडा, प्रदीप कुमार, अक्षय रजवार, मिथिलेश तिवारी, उमाकांत शुक्ला, अक्षय रजवार, रोहित कपटदार, राहुल कपटदार और अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# बिन मौसम बारिश से मुरझासे किसानों के चेहरे, भीगी फसल, हुआ नुकसान



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार की सुबह हुई बिन मौसम बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। खेत-खलिहान में रखी धान की फसल बारिश होने से भींग गयी। इससे किसानों को उसकी गुणवत्ता खराब होने का डर सता रहा है। प्रखंड के गांवों में सैंकड़ों किसानों के धान की फसल काटकर खेत व खलियान में ही पड़ा है। ब्रजेश महतो, पवन कुमार, पंकज कुजूर, शनिका भगत, सूरज ओहदार, अरविंद कुमार, घनश्याम धान, राजू धान, सालिक सिंह, शिवेश सिंह, गुमान सिंह, लक्ष्मी धान, रमई धान, अनमोल उरांव, महादेव धान, बन्दे भगत, जगरनाथ उरांव और पवन महतो नामक किसानों का कहना है कि कर्ज लेकर किसी तरह खेती की है। पर बारिश होने से भींग कर धान की फसल बर्बाद हो गई। उधर, अचानक हुई बारिश के कारण लोगों को ठंड की दोहरी मार भी झेलनी पर रही है। दूसरी ओर, दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले दिहाड़ी मजदूरों को भी ठंड और वर्षा के कारण परेशानी झेलनी पड़ी। सुबह में वर्षा होने के कारण कामकाज प्रभावित रहा। गांव के दर्जनों दिहाड़ी मजदूर रांची नहीं जा सके। खराब मौसम की वजह से मजदूरो को वापस घर लौटना पड़ा। दिनभर लोग घर में ही दुबके रहे।

# ट्रक-बाइक की भिड़ंत में किशोर की मौत



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर-रुक्का रोड में साल्हन बस्ती के पास सोमवार की सुबह मिनी ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पहचान रोहित महतो (150 के रूप में हुई है। वह अनगड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बेडवारी का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक रोहित अपने एक अन्य मित्र के साथ बाइक पर सवार होकर रुक्का से बेड़वारी घर वापस लौट रहा था। तभी सालहन बस्ती में चतुर चौधरी के घर के पास गोंदलीपोखर की तरफ से आ रही एक धान लदी मिनी ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक चला रहे रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा उसका साथी बाल-बाल बच गया। उसे मामूली चोट लगी है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। जबकि ट्रक और बाइक को जब्त कर लिया है।

# हमें अपनी भाषा का सम्मान करना चाहिए : डॉ रामकेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी कुदलुम स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ में सोमवार को भारतीय भाषा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रामकेश पाण्डेय ने किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् के निर्देश पर आयोजित हुआ है। प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय ने कहा कि सृष्टि के विकास में भाषा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसमें क्षेत्रीय भाषा का योगदान होता है। अतः हमें अपनी भाषा का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन शिल्पी श्रीवास्तव एवं जेबा जफर ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ हरीश कुमार पांडेय ने किया। मौके पर मोहित तिवारी, बीएड सत्र 2024-26 के प्रशिक्षों में पार्वती नाग, मनिया, सुप्रिया, आकाश, चंचल, अंकिता आदि मौजूद थीं।

# नगड़ी में जगह-जगह की गयी अलाव की व्यवस्था



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगरी अंचल की ओर से कई जगह अलाव की व्यवस्था की गई है। नगड़ी सीओ राजेश कुमार ने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए नगड़ी शिव मंदिर चौक, जामा मस्जिद चौक, देवरी, चेकपोस्ट और विधानसभा परिसर में पुलिस कर्मियों व धरना-प्रदर्शन की जगह अलाव की व्यवस्था की गई है। अलाव की व्यवस्था में प्रभारी अंचल निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, राजस्व कर्मी प्रदीप कुमार, नगड़ी प्रखंड झामुमो मीडिया प्रभारी जिकरूल्ला अंसारी और विक्रांत भगत की भागीदारी रही।

# 1.28 करोड़ के सोने के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत अन्तर्गत पुट्टीखली सीमा चौकी के जवानों ने पश्चिम बंगाल के नदिया जिला स्थित भारत-बांग्लादेश सीमा पर हिंटरलैंड क्षेत्र में गुप्त सूचना पर अभियान चलाकर स्कूटी सवार एक तस्कर को सोने के 12 बिस्कुट व दो ईंटो के साथ गिरफ्तार किया है। लगे हाथ सोने को आगे ले जाने आये दो अन्य सोना वाहकों को भी धर दबोचा। उनकी सोने की खेप को आगे राणाघाट रेलवे स्टेशन पर किसी अन्य अज्ञात व्यक्ति को सौंपने की योजना थी। जब्त सोने का कुल वजन 1.67 किलो है, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 1.28 करोड़ रुपए है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रविवार को पुट्टीखली सीमा चौकी के जवानों को हिंटरलैंड क्षेत्र में सोने की संभावित तस्करी के बारे में विशेष सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद बीएसएफ जवानों ने संदिग्ध हिंटरलैंड क्षेत्र में एक विशेष घात लगाया। इस दौरान बीएसएफ जवानों ने बाइक पर जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। प्रारंभिक पूछताछ में, उन्होंने खुलासा किया कि एक व्यक्ति गेदे से सोने की खेप लेकर आ रहा जो आगे राणाघाट ले जाने के लिए उन्हें सौंप देगा। बीएसएफ जवानों ने तीसरे व्यक्ति को मझड़िया-गजना रोड से एक स्कूटी पर आते देखा। जवानों ने तुरंत उसको पकड़ा और वाहन की तलाशी ली तो उसमें से तीन पैकेट, जिसे खोलने पर सोने के 12 बिस्कुट और दो ईंटे मिलीं। बीएसएफ जवान गिरफ्तार तीनों व्यक्तियों व जब्त सोने को आगे की कार्यवाही के लिए पुट्टीखली सीमा चौकी ले आए। पूछताछ के दौरान स्कूटी से सोना ला रहे व्यक्ति ने खुलासा किया की वह सोने की खेप लाकर आगे डिलीवरी के लिए सोना वाहकों को सौंप देता था। इस काम के लिए उसे अच्छे खासे रुपए मिलते थे। वहीं, आगे डिलीवरी के लिए ले जाने वाले दोनों सोना वाहको ने खुलासा किया की वे सोने की खेप लेने के बाद आगे राणाघाट रेलवे स्टेशन व रघुआनंदपुर गांव में किसी अज्ञात व्यक्ति को सौंप देते थे। इस काम के बदले उन्हें हर बार 500 रुपए मिलते थे। लेकिन इस बार बीएसएफ ने उन्हें सोने की खेप लेते समय ही पकड़ लिया। इसके बाद गिरफ्तार तीनों व्यक्तियों व जब्त सोने को आगे की कानूनी जांच के लिए मजदिया सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। दूसरी ओर, बीएसएफ दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने बीएसएफ कर्मियों के इस सफल ऑपरेशन की सराहना की और तस्करी गतिविधियों का मुकाबला करने के लिए बीएसएफ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने स्थानीय निवासियों को बीएसएफ की सीमा साथी हेल्पलाइन 14419 या व्हाट्सएप नंबर 9903472227 के माध्यम से सोने की तस्करी से संबंधित किसी भी जानकारी की सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया। आश्वासन दिया कि सूचना देने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा और उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

# इटकी में बारिश से धान की फसल को नुकसान



**इटकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को हुई बुंदाबांदी बारिश से ठंड में कनकनी बढ गयी है। वहीं, धान की फसल को आशिंक नुकसान भी पहुंचा है। शाम ढलते ही पूरा इलाका कोहरे की चादर से ढक गया। जिससे राहगीर लाईट जला कर वाहनों का परिचालन करते नजर आये। दिनभर जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह नौ बजे बारिश शुरू हुई। करीब आधे घंटे की बारिश से खेत और खलिहान में रखे धान की फसल भींग गये। जिससे धान मिसाई कार्य पूरी तरह प्रभावित हुआ। बतातें चलें कि क्षेत्र में किसान धान की फसल की मिसाई का कार्य लगभग 60 प्रतिशत ही कर सकें है। प्रखंड के किसानों ने लगभग 1,801. 42 हेक्टयर से अधिक भूमि पर इस बार धान की फसल लगायी है। इसबार अनुकुल मौसम होने के कारण धान की बंपर उपज भी हुई है। इधर, किसान खेतों में बड़े पैमाने पर हरी सब्जी की भी फसल लगाये हैं। अगर मौसम का मिजाज एक-दो दिन ऐसा ही रहा तो सब्जी फसल को भारी नुकसान पहुंचेगा। खाशकर फुल गोभी, फ्रेंचवीन, पत्ता गोभी और आलू की फसल को भारी क्षति पहुंच सकता है।

# अल्कमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर का फुटकलटोली में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**रातू (आजाद सिपाही)।** अल्कमर एजुकेशनल एंड वेलफेयर के तत्वावधान में जामिया हज्जन समीरन लिलबनात, जामिया नगर, फुटकल टोली में रविवार को मेगा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन कमरूल हक रिजवी की निगरानी में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में मिराई आईवीएफ फर्टिलिटी क्लिनिक के डॉ सर्बजया सिंह, ट्यूलिप हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डॉ जितेंद्र सिन्हा, डॉ राहुल रंजन व रांची फिजियोथेरेपी एवं रिहाई बिलेशन सेंटर के फिजियोथ्रेपिस्ट डॉ स्वेता पांडेय मौजूद थे। जेनरल फिजिशियन ने 200 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की मुफ्त जांच की व जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवा का वितरण किया। इसके अलावा सैकड़ों मरीजों के बीपी और शुगर की निःशुल्क जांच की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुक हक ने कहा कि सभी ग्रामीण अपने स्वस्थ के प्रति जागरूकता दिखाएं। अपने आसपास को स्वच्छ रखें और बच्चों को फास्ट फूड और अन्य हानिकारक खाद्य पदार्थों से दूर रखें। उन्होंने सभी ग्रामीणों से इस शिविर का लाभ उठाने की अपील की। वहीं, शिविर के सफल आयोजन में ट्रस्ट के सटिव मोहम्मद तौहीद अंसारी, एहसानुल हक, सैयद फिरोज, मौलाना गुलाम साबिर, मदरसा की प्रिंसपल गजाला परवीन, तस्मिया जहीन, नवाजिसुल हक आदि का विशेष योगदान रहा।

## झालसा के नवगठित कानूनी सेवा इकाई का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

# मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों को सहायता पहुंचाना ही मनोनयन कार्यक्रम का उद्देश्य है : दिवाकर पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** रांची झालसा के निर्देश पर नालसा की ओर से नवसंचालित मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना 2024 के तहत रांची डालसा में नवगठित कानूनी सेवा इकाई के सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को व्यावहार न्यायालय के ट्रेनिंग हॉल में शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन अतिथियों ने किया। इस अवसर पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय रांची एसएस फातमी, अपर न्यायायुक्त-1 योगेश कुमार, अपर न्यायायुक्त- 4 सह पोक्सो जज आसीफ ईकबाल, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश -2 अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय राजेश कुमार सिंह, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालमुकुंद रॉय, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा, सौरभ कुमार पांडेय, वीरेंद्र प्रताप, शिवानी सिंह, स्वीकृति विनया, कविता खाती, विधि की विद्यार्थी मनीषा कुमारी, प्रिया दत्त, अनुपमा रानी, आध्या कश्यप, पल्लवी कुमारी, अनुष्का राज, प्रगति प्रसाद आदि उपस्थित थे। इस असर पर न्यायायुक्त दिवाकर पांडेय ने कहा कि मनोनयन कार्यक्रम के तहत वैसे लोगों को न्याय और सहायता उपलब्ध कराना है जो मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं। प्रथम सत्र में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश 2, अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय राजेश कुमार सिंह ने मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं योजना सहित बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनी पहलुओं और प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नालसा की ओर से संचालित योजना 2024 का संक्षिप्त अवलोकन, संरचना और मुख्य विशेषताओं से भी लोगों को अवगत कराया। द्वितीय सत्र में रिनपास के अतिरिक्त प्रोफेसर ने मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों के संदर्भ में कानूनी और नीतिगत ढांचे, विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन 2008, दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 एवं मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 के बारे में विस्तार से बताया। जबकि तृतीय सत्र में रिनपास के ही प्रोफेसर की ओर से मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के अधिकार और हक, विधिक सेवा संस्थानों और प्रदाताओं द्वारा विधिक हस्तक्षेप की आवश्यकता से संबंधित योजना की धारा 5.2 के बारे में विस्तार से बताया गया। चतुर्थ सत्र में एलएडीसीएस चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव एवं पैनल अधिवक्ता नित्यानंद सिंह ने मानसिक बीमारी वाले व्यक्तियों और बौद्धिक विकलांगता वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाओं का प्रावधान, मानसिक स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों में कानूनी सेवाएं, पुलिस स्टेशनों पर कानूनी सेवाएं, विशेष अदालतों सहित न्यायालयों में कानूनी सेवाएं और रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन आदि पर मिलने वाली कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी दी।

